प्रेस के लिए सूचना पत्र (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 94/2019)

तुरंत जारी करने के लिए

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

भादूविप्रा ने छह शहरों यथा कोचिन, दरभंगा, जयपुर, लखनऊ, शिमला व सोलन और विजयवाड़ा में आयोजित स्वतंत्र ड्राइव परीक्षणों पर रिपोर्ट जारी की।

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर, 2019ः भादूविप्रा ने अपनी एजेंसी के माध्यम से छह शहरों यथा कोचिन, दरभंगा, जयपुर, लखनऊ, शिमला व सोलन और विजयवाड़ा में स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) आयोजित किए। ड्राइव परीक्षण वोइस और डेटा सेवाओं के लिए सेलुलर मोबाइल टेलीफोन सेवा प्रदाताओं द्वारा मुहैया कराई गई नेटवर्क की गुणवत्ता का आकलन करने के लिए किए गए थे। आयोजित किए गए ड्राइव परीक्षणों का विवरण नीचे दिया गया हैः –

शहर

क्रम संख्या	शहर	लाइसेंसप्राप्त सेवा क्षेत्र (एलएसए)	आईडीटी करने की अवधि	आईडीटी के परिणामों का सार
1)	कोचिन	केरल	17 से 21 जून, 2019	अनुलग्नक–क
2)	दरभंगा	बिहार	10 से 12 जून, 2019	अनुलग्नक–ख
3)	जयपुर	राजस्थान	17 से 21 जून, 2019	अनुलग्नक–ग
4)	लखनऊ	उत्तर प्रदेश–पूर्वी	17 से 20 जून, 2019	अनुलग्नक–घ
5)	शिमला व सोलन	हिमाचल प्रदेश	28 से 30 मई, 2019	अनुलग्नक–ड.
6)	विजयवाड़ा	आन्ध्र प्रदेश	20 से 24 मई, 2019	अनुलग्नक–च

2. प्रमुख प्रदर्शन सूचक (केपीआई) का आकलन क्षेत्र में सक्रिय सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के नेटवर्क के मूल्यांकन के लिए किया गया था। वोइस़ सेवाओं के लिए केपीआई में शामिल हैं; कॉल सेटअप सफलता दर (सीएसएसआर); ड्रॉप कॉल दर; ब्लॉक कॉल दर, हैंडओवर सफलता दर; आरएक्स गुणवत्ता। डेटा सेवाओं के लिए केपीआई में शामिल हैंः डाउनलोड और अपलोड थ्रूपुट, वेब ब्राउजिंग देरी, वीडियो स्ट्रीमिंग विलंब और विलंबता । पूरी रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www .analyti cs.trai .gov .in पर उपलब्ध है

3. ड्राइव परीक्षण के मुख्य निष्कर्ष नीचे संक्षेप में दिए गए हैंः

(क) जयपुर शहरः सभी टीएसपी ड्रॉप कॉल दर का ≤2% को और सीएसएसआर का >=95% को पूरा कर चुके हैं। क्रमशः वीआईएल (वोडाफोन) और एयरटेल के 3जी और 4जी नेटवर्क में अधिकतम थ्रूपुट देखे गए हैं।

(ख) दरभंगा शहरः बीएसएनएल 2जी, वीआईएल (आईडिया) 2जी, एयरटेल 3जी, बीएसएनएल 3जी, वीआईएल (आइडिया) 3जी को छोड़कर सभी टीएसपी ने ड्रॉप कॉल दर के ≤2% को पूरा किया है। सभी टीएसपी सीएसएसआर का =95% को पूरा कर चुके हैं। क्रमशः बीएसएनएल और वीआईएल (आईडिया) के 3जी और 4जी नेटवर्क में अधिकतम थ्रूपुट देखे गए हैं।

(ग) जयपुर शहरः टाटा 2जी और वीआईएल (वोडाफोन) 3जी को छोड़कर सभी टीएसपी ने ड्रॉप कॉल दर के ≤2% को पूरा किया है। सभी टीएसपी सीएसएसआर का =95% को पूरा कर चुके हैं। क्रमशः टाटा और आरजिओ के 3जी और 4जी नेटवर्क में अधिकतम थ्रूपुट देखे गए हैं।

(घ) लखनऊ शहरः वीआईएल (आइडिया) 2जी, बीएसएनएल 2जी और वीआईएल (वोडाफोन) वीओएलटीई को छोड़कर सभी टीएसपी ने ड्रॉप कॉल दर के ≤2% को पूरा किया है। सभी टीएसपी सीएसएसआर का =95% को पूरा कर चुके हैं। क्रमशः बीएनएन और एयरटेल के 3जी और 4जी नेटवर्क में अधिकतम थ्रूपुट देखे गए हैं।

(ड.) शिमला व सोलन शहरः एयरटेल 3जी और बीएसएनएल 3जी को छोड़कर सभी टीएसपी ने ड्रॉप कॉल दर के ≤2% को पूरा किया है। आरजिओ वीओएलटीई को छोड़कर सभी टीएसपी सीएसएसआर का =95% को पूरा कर चुके हैं। क्रमशः वीआईएल (आइडिया) और आरजिओ के 3जी और 4जी नेटवर्क में अधिकतम थ्रूपुट देखे गए हैं।

(च) विजयवाड़ा शहरः सभी टीएसपी ड्रॉप कॉल दर का ≤2% को और सीएसएसआर का >=95% को पूरा कर चुके हैं। एयरटेल के 3जी और 4जी नेटवर्क में अधिकतम थ्रूपुट देखे गए हैं।

पूरी रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.analytics.trai.gov.in पर उपलब्ध है। किसी भी स्पष्टीकरण/सूचना के लिए श्री असित कादयान, सलाहकार (क्यूओएस) से टेलीफोन नंबर +91–11–23230404 या ईमेलः advgos@trai.gov.in द्वारा संपर्क किया जा सकता है।

(एस. के. गुप्ता)

सचिव, भादूविप्रा

<u>अस्वीकरण: यह विज्ञप्ति / निविदा मूलरूप से अंग्रेजी में लिखित विज्ञप्ति / निविदा का हिंदी अनुवाद हैं। यदि इसमें कोई विसंगति परिलक्षित होती है तो अंग्रेजी में लिखित यह विज्ञप्ति / निविदा मान्य होगी।</u>